जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

क्र. जीविवि/परीक्षा/गोप./2018/1598 दिनांक :-15.10.2018

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त संबद्ध होम्योपेथिक चिकित्सा महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- बी.एच.एम.एस. प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ परीक्षा अक्टूबर 2018 हेतु आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिनांक 19.10.2018 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपडेट करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई जाने वाली बी.एच.एम.एस. प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ परीक्षा अक्टूबर 2018 (नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी) के आंतरिक परीक्षा के अंक दिनांक 19 अक्टूबर 2018 तक ऑनलाईन अपडेट कर हार्ड प्रति 22 अक्टूबर 2018 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करावें।

नोटः- उपरोक्त निर्धारित तिथि में यदि किसी महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑन लाइन नहीं किये जाते हैं तो विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किये जायेंगे एवं उनके उपस्थिति पत्रक एवं डॉकेट भी परीक्षा केन्द्र पर नहीं निकल सकेंगे। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह सकता है। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यलय का होगा। अतः सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि परीक्षा कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें एवं सभी विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक तत्काल प्रभाव से ऑन लाइन अपडेट करें एवं हार्ड कॉपी निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय में जमा करावें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किये जाने वाले अंक किसी भी स्थिति में स्वीकार योग्य नहीं होंगे तथा ऐसे महाविद्यालयों के विरूद्ध विश्वविद्यालय के नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

विशेष नोटः- समस्त प्राचार्य एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी आपके परीक्षा केन्द्र पर बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में सम्मिलित न हो तथा किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी दशा में अंडरटेकिंग के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित न कराया जावे। यदि किसी परीक्षार्थी को परीक्षा में अंडरटेकिंग के आधार पर अथवा बिना प्रवेश पत्र के सम्मिलित कराया जाता है तो सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायित्व रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप./सहा-कुलसचिव (गोपनीय)